छात्राओं को अपने प्रोजेक्ट की इंजीनियरिंग सिखाएगा यूयूएसडीए

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय संघटक महिला तकनीकी संस्थान की छात्राओं को उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) के अधिकारी इंजीनियरिंग सिखाएंगे।

10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच फरवरी से शुरू होगा। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को साइट विजिट भी करवाया जाएगा, जिसमें वे पेयजल और सीवरेज अभियांत्रिकी (इंजीनियरिंग) का अध्ययन करेंगी। प्रायोगिक तौर पर ऑनसाइट जाकर तकनीकी बारीकियों को समझेंगी। यूयूएसडीए वर्तमान में एडीबी के वित्त पोषण से देहरादून, हल्द्वानी, विकासनगर, नैनीताल, चम्पावत, किच्छा आदि नगरों में पेयजल और स्वच्छता की मूलभूत सुविधाओं को उच्चीकृत करने के लिए काम कर रहा है।

प्रशिक्षण में पेयजल वितरण प्रणाली के तहत सर्वेक्षण, डाटा एनालिसिस, प्रपोजल तैयार करना, परियोजना प्लानिंग, डिजाईनिंग, फॉर्म्यूलेशन, सोर्स एनालिसिस, ट्रीटमेंट, ट्रांसमिशन, डिस्ट्रिब्यूशन, वाटर क्वालिटी टेस्टिंग, तकनीकी समीक्षा, अभिलेखों का सत्यापन और स्वीकृति की जानकारी दी जाएगी।